कार्यालय :—न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)

elephone No. 07856-252545 Fax No. 07856-252021 E-mail id dantewada.court@nic.in

वाहन चालक/भृत्य/फर्राश/आकस्मिकता निधि (कलेक्टर दर) के परीक्षा के संबंध में

अत्यावश्यक सूचना

क्रमांकः— क्यू/चयन समिति/2024 दंतेवाड़ा दिनांक 20/06/2024

कार्यालय न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा स्थापना के विज्ञापन क्रमांक 01/2023 दिनांक 11.07.2023 के अंतर्गत वाहन चालक के 01, भृत्य/फर्राश के 03 एवं आकस्मिकता निधि (कलेक्टर दर) के रिक्त 04 पदों के प्रायोगिक (दक्षता/कौशल) परीक्षा हेतु पात्र पाये गये अभ्यर्थियों की अनुकमांक सूची इस कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायालय, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के वेबसाईट **https://dantewada.dcourts.gov.in** में दिनांक 20.06.2024 अपलोड किया गया है।

अतः सभी अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे विज्ञापन के अनुसार नियुक्ति हेतु चयन विधि एवं परीक्षा पद्यति का अध्ययन कर लेवें।

वाहन चालक, भृत्य/फर्राश एवं आकस्मिता निधि (कलेक्टर दर) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन के अनुसार प्रायोगिक (दक्षता/कौशल) परीक्षा निम्नानुसार लिया जावेगा—

प्रायोगिक (दक्षता/कौशल) परीक्षा की समय सारणी

पद का नाम	परीक्षा केन्द्र का नाम	परीक्षा का दिनांक व दिन	परीक्षा का समय
वाहन चालक	कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, दंतेवाड़ा (छ.ग.)	30.06.2024 रविवार	प्रातः 11:00 बजे से 02:00 बजे तक
भृत्य/फर्राष	कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, दंतेवाड़ा (छ.ग.)	14.07.2024 रविवार	प्रातः— 09:30 बजे से 01:00 बजे तक
आकस्मिकता	कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, दंतेवाड़ा (छ.ग.)	14.07.2024 रविवार	दोपहर— 02:00 बजे से 04:00 बजे तक

परीक्षार्थियों के लिये आवश्यक निर्देशः—

01. विज्ञापन के शर्त के अनुसार सभी पदों की प्रायोगिक (दक्षता/कौशल) परीक्षा का कुल 50 अंक निर्धारित है।
02. प्रायोगिक (दक्षता/कौशल) परीक्षा में उपयुक्ता/शारीरिक क्षमता/व्यवहारिकता और व्यक्तित्व/कार्य एवं वाहन चालक/चालन हेतु उनकी अभिरूचि के संबंध में परखा जायेगा।
03. परीक्षार्थी परीक्षा दिनांक को अपनी पहचान के संबंध में आधार कार्ड/पेन कार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस/मतदाता परिचय पत्र/पासपोर्ट इत्यादि आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर उपस्थित रहेंगे।
04. परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घंटा पूर्व उपस्थित होना अनिवार्य है। विलंब से उपस्थित होने पर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जावेगी।

05. विज्ञापन के साथ प्रवेश पत्र का प्रारूप उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड कर परीक्षा के दिन परीक्षार्थी को लाना अनिवार्य है। परीक्षार्थी उक्त प्रवेश पत्र को स्वयं भरकर साथ लेकर आयेंगे। पृथक से प्रवेश–पत्र नहीं भेजा जावेगा।

06. पंजीयन कमांक तथा अनुकमांक (रोल नंबर) की जानकारी परीक्षार्थी जिला न्यायालय दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के वेबसाईट से प्राप्त करें। परीक्षार्थी केवल काले अथवा नीले बाल पेन का ही उपयोगय करेंगे।

07. प्रवेश पत्र में दिये गये निर्धारित स्थान पर आवेदन पत्र में संलग्न किये गये फोटो के अनुसार ही फोटो चस्पा करना अनिवार्य है। परीक्षार्थी अपने साथ एक अतिरिक्त फोटो आवश्यक रूप से लावें।

08. परीक्षार्थी को परीक्षा के दिन पर्यवेक्षक के समक्ष ही प्रवेश पत्र में हस्ताक्षर करना होगा।

09. परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के अस्त्र, शस्त्र, कागजात, चीट, पुस्तक, नोट्स, पेजर, कैल्कुलेटर, मोबाईल, लॉग टेबल, ब्लू टूथ एवं पेन ड्राईव आदि रखना वर्जित है अन्यथा परीक्षार्थी को परीक्षा से वंचित कर दिया जावेगा, जिसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। परीक्षार्थी द्वारा लाये गय समान के रख रखाव एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी।

अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे नियमित रूप से कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायालय, दंतेवाड़ा के वेबसाईट **https://dantewada.dcourts.gov.in** का अवलोकन करते रहें।

स्थान–दंतेवाड़ा
दिनांक–20.06.2024

20/06/2024
अध्यक्ष
चयन समिति
कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)